अपनी माँ के नाम बने सभागृह को जब्ती से बचाने आगे नहीं आई लता मंगेशकर

स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर की मां को समर्पित 'माई मंगेशकर सभागार' को जब्ती से बचाने के लिए भले ही स्वर कोकिला आगे नहीं आईं, लेकिन मराठी समाज के लोगों ने एक ही दिन में 20 लाख रुपए इकठ्ठा कर 'समाज की शान को परवान चढ़ाने का फैसला लिया। इस तरह बकाया एक करोड़ चुकाने के लिए अब तक 57 लाख जुटाए जा चुके हैं। 'मराठी समाज" संस्था 15 साल के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का मास्टर प्लान भी बनाएगी।

गौरतलब है कि मराठी समाज, इंदूर द्वारा निर्मित माई मंगेशकर सभागार पर 'छत्रपति सहकारी साख संस्था" द्वारा 1 करोड़ 1 लाख रुपए बकाया होने का दावा किया गया है। इसके विरुद्ध समाज ने अपील की है। जिसकी सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इसमें रिजर्व बैंक के नियमानुसार ब्याज गणना करने की गुजारिश की गई है।

जस्टिस पीडी मूळे, अध्यक्ष, मराठी समाज इंदूर ने कहा कि लता मंगेशकर द्वारा वादा न पूरा किए जाने के कारण यह स्थिति बनी है। हमारी पूरी कोशिश है मराठी समाज की अस्मिता के साथ इंदौर कलाप्रेमियों की प्रतिष्ठा पर आंच न आने दी जाए।

महाराष्ट्र समाज इन्दौर के सचिव चंद्रकांत पराडकर के अनुसार महाराष्ट्र ब्राम्हण सभा ने 5 लाख, पारनेरकर ट्रस्ट ने 5 लाख, पीडी मूळे ने 2 लाख, वैशाली पिंगळे ने 2 लाख, सुधाकर एकतारे ने 1 लाख, घोड़गांवकर परिवार ने 1 लाख और बलवंत वाखळे (सागर) ने 1 लाख की सहयोग राशि प्रदान की।

इसके अलावा भी कई लोगों ने 11 से 51 हजार रु. की सहयोग राशि दी। अभियान के तहत अब तक 57 लाख एकत्र की जा चुके हैं। शेष राशि समाज द्वारा एक महीने के भीतर एकत्र कर ली जाएगी। इसके लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और संस्थाओं ने आश्वस्त किया है।

34 लाख का लोन हुआ करोड़ के पार

2000 में शुरू हुआ निर्माण कार्य, लता मंगेशकर ने किया था कार्यक्रम पेश करने का वादा

2011 से शुरू हुआ कार्यक्रमों का सिलसिला

700 दर्शकों की बैठक क्षमता

12000 स्क्वेयर फीट में बना है सभागार

34 लाख लोन, छत्रपति सहकारी साख संस्था से दिसंबर 2003 में लिया

01 करोड़ से ऊपर चुकाना बकाया

16 अप्रैल को कोर्ट में अगली सुनवाई

इन्दौर के दैनिक नईदुनिया में 'माई मंगेशकर सभागार' की खबर (इंटरनेट पर) पढ़कर कई एनआरआईज ने मदद की पेशकश की है। मुंबई के भी कई धनाढ्य लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया है।

इस बीच इंदौरियों ने सहयोग राशि एकत्र करने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रखा। सामाजिक, राजनीतिक तमाम स्तरों पर मसले को समुचित हल के लिए कवायद नए सिरे से शुरू की गई हैं। ख्यात गायक सुरेश वाडकर का कंसर्ट आयोजित करने की भी कोशिश की जा रही है। कई स्थानीय कलाकारों ने भी चैरिटी प्रोग्राम पेश करने का वादा किया है। समाज की गरिमा बचाने के लिए मराठी समाज का हर छोटा-बड़ा कार्यकर्ता अपने तई तमाम प्रयास कर रहा है।

मराठी समाज इंदूर की कार्यकारिणी सदस्य रंजना ठाकुर के मुताबिक उन्हें यूएस में रहने वाले संजीव निवोस्कर ने फोन पर बताया कि माई मंगेशकर को लेकर बन रही परिस्थितियों के मद्देनजर उनके कई मित्रों ने हरसंभव मदद की पेशकश की है। उधर, मुंबई में भी खबर का असर हुआ है। वहां के कई व्यापारियों ने भी सहयोग की पहल की है।

इंदौर को 10 हिस्सों में बांटकरहर एरिया के 10-10 लोगों की लिस्ट बनाकर उनसे सहयोग के लिए कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त किए जा रहे हैं। मेघा खानवलकर ने बताया कि खबर प्रकाशित होने के बाद समाज के सदस्य ज्यादा संजीदगी से 'माई" की गरिमा बचाने के राजनीतिक, सामाजिक प्रयास कर रहे हैं।

सांसद ने कहा- 'हल करो मसला'

सांसद और लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन के पुत्र मिलिंद महाजन ने कहा कि मुद्दे को लेकर मराठी समाज के लोग कुछ दिनों पहले ताई से मिले थे। दिल्ली में व्यस्तता के चलते उन्होंने मुझसे मसला जल्द से जल्द हल करने के लिए कहा है।

हमें लगता है कि इस मसले को कोर्ट में पहले सही तरीके से उठाया नहीं गया। इसलिए हमने बैंक एक्सपर्ट्स की सलाह लेकर फिर से अपील की है। ये अपील मंजूर हो गई तो बकाया राशि में से करीब 20 लाख की राशि कम हो जाएगी। इसके अलावा हम हॉल में एक्टिविटीज कर केंद्र और राज्य सरकारों से भी ग्रांट की कोशिश कर रहे हैं।

सचिव चंद्रकांत पराडकर ने बताया कि इंदौर परस्पर बैंक कर्मचारी संघ के सदस्य भी मदद के लिए आगे आए हैं। मराठी उद्योगपतियो ने भी दो दिनों में संस्था के लिए सफिशिएंट अमाउंट देने की पेशकश की है। रिटायर बैंक ऑफिसर उदय इंगळे ने बताया कि माई मंगेशकर के लिए सोमवार को ही उनके पास लोगों ने 80 हजार से अधिक की राशि जमा करा दी।

25 मार्च तक दो लाख रुपए से अधिक की राशि एकत्र करने का लक्ष्य है। खबर प्रकाशित के बाद लोग खुले दिल से सहयोग कर रहे हैं। पहले लोगों को लगता था कि उनकी छोटी सहायता राशि शायद स्वीकार ही नहीं की जाएगी मगर अब सभी लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक मदद कर रहे हैं।

शहर के जाने-माने कलाकार संतोष अग्निहोत्री ने बताया कि 'माई" के लिए सहयोग राशि एकत्र करने के लिए वे नि :शुल्क कार्यक्रम पेश करेंगे। इसके अलावा अप्रैल के फर्स्ट वीक में सुरेश वाडकर या उनके समकक्ष किसी अन्य कलाकार का कंसर्ट भी कराया जाएगा।

गायक गौतम काले भी अपने ग्रुप के साथ सहायतार्थ कार्यक्रम पेश करेंगे। 22 मार्च को जाल सभागार में होने वाले म्यूजिकल प्रोग्राम में भी सपना केकरे और सुधीर वासवानी माई की चैरिटी के लिए नि :शुल्क प्रोग्राम करेंगे। सपना ने बताया कि इसके बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में भी संस्था 'स्वरदा" के कलाकार

एक और चैरिटी प्रोग्राम करेंगे।

खबर का ये हुआ असर

– विदेशों से बढ़े मदद के लिए हाथ

– मुंबई के व्यापारी भी करेंगे मदद

– सांसद ने मामले की अपडेट ली

– कार्यकारिणी के सदस्य देंगे एक-एक लाख रु.

– इंदौर के 100 धनाढ्यों से मदद की अपील

– फेमस आर्टिस्ट्स के चैरिटी प्रोग्राम

– स्थानीय कलाकार करेंगे नि :शुल्क कार्यक्रम

– केंद्र और राज्य सरकारों से ग्रांट की कवायद

साभार- दैनिक नईदुनिया से

फोटो साभार -इंडियन एक्सप्रेस से

.